सं०–03 / परी०–B.T.S.C.- / 2022 2117 दिनांकः– 27/07/2023

**बिहार सरकार**

# बिहार तकनीकी सेवा आयोग

**19, हार्डिंग रोड, पटना।**

## आवश्यक सूचना

**विज्ञापन सं०–01 / 2023 (सहायक निदेशक (मेडिकल कार्डियोलॉजी))**
**विज्ञापन सं०–02 / 2023 (सहायक निदेशक (सर्जिकल कार्डियोलॉजी))**
**विज्ञापन सं०–03 / 2023 (सहायक निदेशक (पीडीयाट्रिक्स कार्डियोलॉजी))**

विज्ञापन सं०–01 / 2023–03 / 2023, सहायक निदेशक के विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु **दिनांक–04.01.2023 से 01.02.2023 तक** एवं पुनः **दिनांक–04.07.2023 से दिनांक–19.07.2023 तक** Online आवेदन प्राप्त किया गया। इस अवधि में प्राप्त Online आवेदनों की Scrutiny विज्ञापन के कंडिकाओं में वर्णित शर्त्तों के अनुसार की गई है। Scrutiny किये गये सभी अभ्यर्थियों की विवरणी उनके नाम एवं रजिस्ट्रेशन नम्बर के साथ आयोग के वेबसाईट– www.btsc.bih.nic.in अथवा इस लिंक पर (http://103.112.252.139/ASSTD) आपत्ति दर्ज करने (यदि हो तो) हेतु डाला जा रहा है। प्राप्त आपत्तियों के निष्पादन के पश्चात् काउंसलिंग हेतु सूची एवं कट ऑफ अंक प्रकाशित किया जायेगा।

अभ्यर्थी अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर, मोबाईल नम्बर एवं जन्म तिथि डालकर registered मोबाईल नम्बर पर प्राप्त OTP के माध्यम से Login कर दर्शायी गई सभी विवरणी यथा, नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, लिंग, प्राप्तांक, अयोग्यता का कारण आदि देखकर संतुष्ट हो लें। किसी प्रकार का कोई त्रुटि होने पर अपना आपत्ति कारण सहित **दिनांक–29.07.2023 से 03.08.2023 की संध्या 06:00 बजे** तक आयोग के वेबसाईट पर Raise Objection बटन पर Click करके दर्ज कर सकते है।

**उक्त ऑनलाईन आपत्ति के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम यथा ई–मेल/ निबंधित डाक/कुरियर आदि से प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।**

आपत्ति डालने के पूर्व अभ्यर्थीगण निम्नलिखित निदेशों को ध्यानपूर्वक समझ लें:–

1. विज्ञापन की कंडिका–01 के अनुसार शैक्षणिक अर्हता नहीं होने अथवा अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं रहने के कारण अयोग्य किया गया है।
2. विज्ञापन की कंडिका–3(iv) में वर्णित संस्थानों में नियमित/अनुबंध के आधार पर सुपर स्पेशियलिटी/स्नातकोत्तर डिग्रीधारी चिकित्सक द्वारा नियुक्ति के उपरान्त किये गये कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र जो प्राचार्य/अधीक्षक/सिविल सर्जन/निदेशक द्वारा निर्गत है, को कार्यानुभव का अंक दिया गया है। कार्यानुभव अवधि की गणना तिथि **03.01.2023** तक की गया है।
3. कार्यानुभव का अंक केवल सुपरस्पेशलिटी/स्नातकोत्तर डिग्री के पश्चात् कार्यानुभव हेतु दिया गया है।
4. विज्ञापन में कार्यानुभव प्रमाण–पत्र हेतु परिशिष्ट–I प्रारूप में ही कार्यानुभव प्रमाण–पत्र दिये जाने पर कार्यानुभव के अंकों एवं आयु–सीमा में छूट का लाभ दिया गया है।
5. सभी शैक्षणिक प्रमाण–पत्र दिनांक–02.02.2023 के पूर्व का निर्गत को मान्य किया गया है तथा शेष प्रमाण–पत्र दिनांक–19.07.2023 तक निर्गत को मान्य किया गया है।

उपर्युक्त कारणों से अमान्य किये गये आवेदन/कार्यानुभव का लाभ से संबंधित आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोटः–
1. प्राप्त आपत्ति के पश्चात् सभी अभ्यर्थियों के Online आवेदनों की पुनः जाँच की जाएगी एवं जाँचोपरांत काउंसलिंग हेतु योग्य अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जा सकेगा।
2. संलग्न सूची मात्र विज्ञापन के शर्त्तों के अनुरूप अभ्यर्थियों के Online आवेदन तथा इसके साथ संलग्न प्रमाण–पत्रों की Scrutiny के पश्चात् अपलोड की गयी है। इसे चयन सूची अथवा मेधा सूची नहीं समझा जाय।
3. प्राप्त आपत्तियों के निष्पादन के पश्चात् काउंसलिंग सूची कट ऑफ अंक सहित प्रकाशित किया जायेगा।
4. MBBS के सभी वर्षों एवं सभी विषयों में उत्तीर्ण होने का अंक पत्र Counselling में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग अथवा राज्य के मेडिकल रजिस्ट्रेशन काउन्सिल से सभी शैक्षणिक योग्यताओं की प्रविष्टि सहित निबंधन प्रमाण–पत्र Counselling में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

27.7.2023

प्रभारी सचिव,
बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना।

D:\2022\ASSIST. DIRECTOR II G.I.M.SI\AAPTI SUCHANA 2